संख्या–1282/XVIII(II)/2011

प्रेषक,

पी0सी0 शर्मा,
प्रमुख सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
टिहरी

राजस्व अनुभाग–2

देहरादूनः दिनांक 16 मई, 2011

विषयः– ग्राम ढालवाला, जिला टिहरी गढ़वाल में खसरा संख्या–884 मध्ये 0.154 है0 भूमि ट्रान्जिट हॉस्टल/पार्किंग/कन्ट्रोल रूम के निर्माण हेतु, आवास विभाग, उत्तराखण्ड को पट्टे पर आंवटित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, आपके पत्र संख्या–2393/21–62(भाग–2), दि0–29.5.2009 के सन्दर्भ में, मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि, श्री राज्यपाल, ग्राम ढालवाला, जिला टिहरी गढ़वाल में खसरा संख्या–884 मध्ये 0.154 है0 भूमि, हरिद्वार विकास प्राधिकरण द्वारा, ट्रान्जिट हॉस्टल/पार्किंग/कन्ट्रोल रूम के निर्माण हेतु, आवास विभाग, उत्तराखण्ड को, वित्त अनुभाग–3 के शासनादेश संख्या–260/वित्त अनुभाग–3/2002 दिनांक–15.02.02 एवं आवास विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा दी गई सहमति एवं अनापत्ति के दृष्टिगत, जिलाधिकारी टिहरी द्वारा संस्तुत किये गये खसरा संख्या के अनुसार निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन, निःशुल्क हस्तान्तरण की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

1– भूमि पर कोई धार्मिक अथवा ऐतिहासिक महत्व की इमारत न हो।

2– जिस परियोजना के लिए भूमि हस्तान्तरित की जा रही है वह एक अनुमोदित परियोजना हो और उसके लिए शासन से सहमति प्राप्त हो चुकी है।

3– हस्तान्तरित भूमि यदि प्रस्तावित कार्य से भिन्न प्रयोजन के लिए उपयोग की जाये तो उसके लिए मूल विभाग से पुनः अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

4– यदि भूमि की आवश्यकता न हो या 3 वर्षो तक हस्तान्तरित भूमि प्रस्तावित कार्य के लिए उपयोग में नही लायी जाती है तो वह मूल विभाग में स्वतः ही निहित हो जायेगी।

5– जिस प्रयोजन हेतु भूमि हस्तान्तरित की जा रही है उससे भिन्न किसी अन्य प्रयोजन हेतु किसी अन्य व्यक्ति, संस्था, समिति अथवा विभाग आदि को मूल विभाग की सहमति के बिना हस्तान्तरित नही की जायेगी।

6– जिस प्रयोजन हेतु भूमि आवंटित की जा रही है उसकी पूर्ति के उपरान्त यदि भूमि अवशेष पडी रहती है, तो मूल विभाग को उसे वापस लेने का अधिकार होगा।

.....2

7– प्रश्नगत भूमि पर वन संरक्षण अधिनियम लागू होने की दशा में भूमि के उपयोग का परिवर्तन गैर वानिकी कार्य हेतु, तभी अनुमन्य होगा, जब उक्त अधिनियम के अन्तर्गत नियत प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त कर ली जायेगी।

8– प्रस्तावित भूमि पर, आवास विभाग, उत्तराखण्ड का स्वामित्व रहेगा तथा हरिद्वार विकास प्राधिकरण द्वारा आवास विभाग से सहमति/अनापत्ति प्राप्त करने के पश्चात ही भूमि पर निर्माण कार्य किया जाएगा।

कृपया तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए शासनादेश के परिप्रेक्ष्य में जनपद स्तर से निर्गत किये जाने वाले आदेश की प्रति अनिवार्य रूप से शासन को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव।

पृ0प0संख्या–1282/समदिनांकित/2011

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– प्रमुख सचिव, आवास विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2– मुख्य राजस्व आयुक्त, उत्तराखण्ड देहरादून।
3– निदेशक, एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड सचिवालय।
4– प्रभारी मीडिया केन्द्र सचिवालय।
5– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(संतोष बडोनी)
अनुसचिव।